प्रतिपादितं तद्विहाय ये नाम प्राचीनग्रन्थ-परिभाषा एव रटन्ति ते 'तातस्य कूपोऽयमिति ब्रुवाणाः क्षारं जलं कापुरुषाः पिबन्ति'। तत्र केचन द्रविडप्राणायामेन यथा वा तथा वा प्राचीनमान्यतां विज्ञानानुसारिणीमेव साधयितुं बद्धपरिकरा दृश्यन्ते। परे पुनः प्रत्यक्षसिद्धामपि वस्तुस्थितिं गजनिमीलिकयावहेलयन्तो न कदाचिदपि प्राचीनानामुक्तिर्मिथ्या भवितुमर्हतीति हठेनाक्रान्तधियो भवन्ति तान् सत्यापलापिनः प्रति वाचंयमा एव तिष्ठासामः। यत्सत्यं, प्राचीनभारतीया विज्ञानक्षेत्रे इदानींवत् पृष्ठानुगामिनो नासन्। किन्तु प्राचीनान् भारतीयान् वर्जयित्वा देशान्तरे सम्प्रति कोऽपि किमपि नूतनतथ्यमाविष्कर्त्तुं न प्रभवतीति सत्यस्येयत्तां स्वीकर्त्तुं न वयमुत्सहामहे।

चित्तशुद्धचर्थञ्चारित्रं प्रतिपादितं भारतीयदर्शने इत्यवोचाम उपरिष्टात्। चारित्र्याङ्गतया ये हिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्य्यापरिग्रहादयो गुणा प्रतिपादितास्ते शाश्वताः सार्वभौमिकाश्च किन्तु एषां गुणानां प्रयोजनं चित्तशुद्धिद्वारा परम्परया मुक्तिरस्ति। मुक्तिश्च वैयक्तिकी न सामूहिकी। तेनाहिंसादयो गुणा अपि प्राधान्येन वैयक्तिकाः। भारतीयदर्शने व्यक्तेः परिष्कारेण समाजस्य परिष्कार इष्यते। समाजवादे पुनः समाजः केन्द्रीभूतो न तु व्यक्तिः।

तस्मात्समाजवादस्य युगे व्यक्तिपरकस्य दर्शनस्य नोपयोगित्वमिति केचित्। तत्र ब्रूमः—विनियोग एषां सिद्धान्तानां व्यष्टिपरकोऽपि सम्भवति समष्टिपरकोऽपि च। यथाहिंसायाः प्रयोगो महात्मना गान्धिना समष्टिपरकोऽकारि। तस्मात् पूर्वमहिंसायाः प्रयोगः व्यक्तेर्मुक्तयेऽभून्न तु समाजस्य राष्ट्रस्य वा मुक्तये। श्रीगान्धिना राष्ट्रस्य मुक्तयेऽहिंसा प्रयुक्ता। एवमपरिग्रहोऽपि व्यक्तेर्जीवने विलासाभावाय प्रयुक्त इदानीं यावत्। यदि राष्ट्रस्य जीवने विलासाभावायापरिग्रहः प्रयुक्तो निर्धनानां सुखाय स्यात्तर्ह्यपरिग्रहस्य समष्टिपरक उपयोगः स्यात्। निर्धने भारतसदृशे देशे तपोमयं सरलञ्च जीवनं देशोन्नत्यै स्यात्। तत्तादृशं जीवनं भारतीयदर्शनेऽभिप्रेतमिति न तिरोहितं चक्षुष्मताम्।

तपोमयं सरलं जीवनं स्वाभाविकं प्राकृतिकञ्च भवेदित्यपि स्वतः सिद्धम्। आधुनिके युगे यन्त्रीकृते जीवने जटिलताप्राकृतिकता च समुत्पन्ने। प्रकृत्याः विच्छिन्नाः स्मः। वयं यन्त्रवदाचरामः न तु प्रकृतेः सजीव-प्राणिवत्। तेन जीवने नीरसताजायत। तदर्थं प्रकृतिं निवर्तध्वमिति मनीषिणो वदन्ति। प्रकृतिं प्रति निवर्तनस्यादिममनुष्यवदाचरणं नाभिप्रेतं यथा हिंस्रीति प्रसिद्धैः प्रदर्श्यते। तपोवने तपस्विनः सरलाः सन्तोऽपि संस्कृतरूचयः कल्पिता न तु आदिमावस्थायाः मानवाः। प्राकृतिकजीवनं नाम कणे कणे प्रकृतेः दिव्यतया तादात्म्यानुभूतिः। अयं भारतीयदर्शनस्याधुनिके सन्दर्भे महान् सन्देशः।

अत्रेदमधार्यम्—भारतीयदर्शने यथा केचन विषयास्तर्कातीताः प्रतिपादितास्तथैव जीवनस्य चरमावस्था पापपुण्यातीता प्रतिपादिता। 'अन्यत्रधर्मादन्यत्राधर्मादि' ति श्रुतेः।[१४] अस्यामवस्थायां भारतीयदर्शनेऽव्यवहारिकतापततीति बहवः। तत्र परमार्थव्यवहारभेदमजानतामिदं मतम्। परमार्थे पापपुण्ययोरकिञ्चित्करत्वेऽपि व्यवहारे धर्म एव मनुष्यं पशुभ्यो भिनत्ति। धर्मश्च नायं वैयक्तिकः प्रत्युत समाज स्याधारभूतः धर्मो धारयति प्रजा इतिः स्मृतेः। नायं धर्मः सम्प्रदाय इत्यस्य पर्यायः। यैस्तत्त्वैः समाजः स्थायी भवति तानि तत्त्वानि धर्मशब्देनाख्यायन्ते। परमार्थतश्च स्वस्वरूपोपलब्धिरिष्टा मनुष्याणाम्। तत्र पापपुण्ययोरुभयोरपि पररूपत्वान्नोपयोगः। अतः भारतीयदर्शनमतिनैतिकं सदपि परमार्थतः व्यवहारिकतायां नैतिकतां प्रतिपादयति। सा नैतिकता सम्प्रदायविशेषमतिक्रम्य सार्वभौमिकी सती सम्प्रति युज्यतेतराम्।

एकतायां विभिन्नतायामेकताञ्च पश्यन्ति भारतीयदार्शनिकाः। व्यवहारतो विविधता परमार्थतश्चैकतेति तेषां मतम्। तस्माद्रुचिवैचित्र्यादुपासनापद्धतिवैचित्र्ये सत्यपि परमतत्त्वे नानात्वं नास्ति एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्तीति श्रुतेरादाय[१५] रुचीनां वैचित्र्याद्ऋजुकुटिलनानापथजुषां नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इवेति पुष्पदन्तोक्तिपर्यन्तं भारतस्य दार्शनिकपरम्परायां विविधतायामेकतादर्शि। सम्प्रति विज्ञानस्याविष्कारैः संसारः सङ्कुचितः। तत्र संसारे भाषावेशभोजनव्यवहारधर्मादीनां विविधतास्ति तथापि भारतीयदर्शनप्रदर्शितैकत्वसमाश्रयणेनैव पारस्परिकसंघर्षनिवारणपूर्वकं सहास्तित्वं सर्वेषां सम्भवति।

तर्कस्य प्राधान्याद् भारतीयदर्शने कारण-कार्य-सम्बन्धं भारतीयमनीषिणः समर्थयामासुः। कारणं विना कार्यं सम्पद्येत चेत्तर्हि तर्कस्य विज्ञानस्य वा मूलमेव विच्छिन्नं स्यात्। जीवनदर्शनप्रसङ्गे कारणकार्यसिद्धान्तविनियोगेन भारतीयाः कर्मसिद्धान्तमाविष्कृतवन्तः। कर्मसिद्धान्तः समीचीनो नवेति नात्र मीमांसामहे; किन्तु दर्शनशास्त्रस्येतिहासे कारण-कार्य-सम्बन्धं स्वीकृत्य सुखदुःखयोर्व्याख्या कर्मसिद्धान्तं विना सिद्धान्तान्तरद्वारा केनापि कुत्रापि न व्यधायीति विवक्षामः।

किन्तु कर्मसिद्धान्तेनास्माकं देशेऽकर्मण्यताजनीत्यपि सत्यम्। कार्यकारणसम्बन्धे स्वीकृतेऽतीते नियते भविष्यदपि नियते, भविष्यति नियते च वर्तमानं प्रत्युदासीनतोत्पन्ना। यद्भावि तद्भावीति भारते लोकाः प्रतिकाररहिताः

---

१३. वेदान्तसारः, (सम्पा० कृष्णकान्त त्रिपाठी), मेरठ, १९७५, पृ० ५९. (८० पृ० ४८)

१४. कठ०, १. २. १४

१५. ऋग्वेदः, १. १६४. ४६

पुरुषार्थहीनाश्च संजाताः। कर्मसिद्धान्तस्य किमयमाशय आसीदिति प्रश्ने समुज्जृम्भिते नाधिकं विवक्षामः। केवलन्तु इतिहासविदामिदमेव निवेदयामः—आसीत्पुराकल्पे कश्चनाजीवकसम्प्रदायः गोसालकप्रवर्तितः। स आजीवकसम्प्रदायः सुतरां नियतिवादं श्रद्दधाति स्म।[१६] किन्त्वस्माकं देशे वर्षसहस्रपर्यन्तं लब्धप्रचारोऽयं सम्प्रदायोऽद्य विलयं गतः इदानीमितिहासावशेषो बभूव। हिन्दु-जैन-बौद्ध-सम्प्रदायाः कर्मसिद्धान्तसमर्थकाः सन्तो ये अवशिष्टास्ते सर्वे पुरुषार्थवादिनः। अस्मद्देशेन सिद्धान्ततो नियतिवादस्यायमेव सत्कारो विहितो यन्नियतिवादिन आजीविकाः नामावशेषाः कृताः। तथापि ये भाग्यवादमाश्रयन्ते पुरुषदोषः स भवति न तु शास्त्रदोषः।

अत्रेदमवधेयं—यदि नाम भारतीयदर्शनमाधुनिके युगे सर्वथानुकूलं किन्तर्हि तत्प्रतिदिनमुपेक्ष्यते। अथवा भारतीयानां तत्ताद्दशे दर्शने सति किमिति राष्ट्रस्य जीवने प्रफुल्लता नाविर्भवति। मन्यामहे, भारतीयदर्शने सन्तुलनाभाव इति। तद्यथाध्यात्मिकमूल्यानां महत्त्वे सति भौतिकोन्नतेरुपेक्षा दर्शनमेकाङ्गिनं विधत्ते। आत्मात्मेति ब्रुवाणैः देशेऽस्माकं पदार्थाः सुतरामुपेक्षिताः। तेन दारिद्र्यमवर्धत। दारिद्र्ये समुपचिते लालसा बलवत्तराभूत्। तेनान्तरङ्गतः भौतिकसुखाभिलाषिणस्सन्तोऽपि भारतीयाः बाह्यतस्त्यागिनः संवृत्ताः। अयमेव मिथ्याचार इत्युच्यते।[१७]

पदार्थोपेक्षायाः शरीरोपेक्षाप्यङ्गीभूता। शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनमिति[१८] कविकुलगुरोः कालिदासस्य शरीरोपेक्षिणः प्रत्यासीदादेशः। किन्त्वस्माकं चिन्तकाः शरीरं व्याधिमन्दिरं जलबुद्बुदनश्वरं कदलीस्तम्भवन्निस्सारं सकलमलराशिं मन्वानास्तदाद्यं धर्मसाधनमुपेक्षितवन्तः। एवमेव 'यज्ज्योतिरन्तरमृतं प्रजासु'[१९] इति मनः श्रुतिषु स्तुतमासीत् तन्मनश्चपलमिति बन्धनमिति च निन्दितम्। एव शरीरमनसोर् आत्मना शत्रुतेव समुत्पन्ना। इदं खण्डितव्यक्तित्वस्य मूलम्। तेन दमनं प्रारब्धम्। तपसः परम्परा देशेऽस्मिन् पुरातनी बभूव। दमनस्य तपसा मिथ्यातादात्म्यं स्थापितमभूत्।

शरीरोपेक्षया सार्धं परिवारजनानामप्युपेक्षाभूत्। परिवारं प्रति स्नेहभावः राग इति गर्हितोऽभूत्। परिवारोपेक्षायां सत्यां समाजे स्त्रियः स्थानं निम्नतरं जातम्। 'यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः'[२०] इति मनोर्वाक्यमनुसृत्य स्त्रीषु अवहेलितासु स्तुतोऽस्माकं समाजः पङ्गुरिव सम्पन्नः। वैराग्येन

---

१६. Bhargava, D., Jaina Ethics, Delhi, 1968, p. 17
१७. गीता, ३. ३
१८. कुमारसम्भवम्, ५. ३३
१९. यजुर्वेदः, ३४, ३
२०. मनुस्मृतिः, ३. ५६

व्यक्तिः आत्मकेन्द्रिता सती समाजं सुतरामवहेलयामास । सेवायाः प्रेम्णो वा निवृत्तिमार्गेऽवकाश एव नासीत् ।

यद्यपि श्रमस्य महिमानं द्योतयति श्रमणशब्दः आश्रमशब्दश्च परन्तु कर्ममात्र बन्धनकारणे सति कुत्र कर्मठताया अवकाशः ? अकर्मण्ये पुरुषेऽश्रियो वसन्तीति प्रसिद्धमेव नानाश्रान्ताय श्रीरस्तीति श्रुतिश्च ।[२१] श्रीविहीने देशे कुतः प्रसन्नता, अप्रसन्ने कुतः निर्मलता, मलिने च मनसि कुतः दर्शनसम्पत् । आधुनिके युगे चेतनेयं जागर्त्ति । श्रमः सेवा प्रेमभावना च कल्याणस्य साधनमिति । परं केचनाल्पश्रुताः अकर्मण्यतायै समाजोपेक्षायै प्रेमाभावाय च भारतीयदर्शनमेव निदानं मन्यन्ते । आधुनिकसन्दर्भे दर्शन-परिशीलनपरैः सम्यक्तया विचारणीयम् किं वयं विद्योपासनया अविद्योपेक्षया चान्धन्तमः प्रविष्टाः स्मः ? किं सम्भूत्या उपेक्षासम्भूत्या एव चोपासनास्मान् मृत्योः पारं तारयिष्यति ?

ये सम्पन्नाः देशास्तत्र आत्मज्ञानं विना जीवनं शून्यमेव प्रतिभाति । तस्माद्भौतिकसम्पन्नतैव नोपकरिष्यति जगतः । भारतीयदर्शनस्याधुनिकसन्दर्भेऽध्यात्मज्ञानस्य महान् सन्देशः । किन्तु वयं स्वयं भौतिकचाकचक्यचमत्कृताः अध्यात्मनामापि न शुश्रूषामः ।

विनोबाभावेमहोदयेनोक्तम्—राजनीतेः स्थानं विज्ञानं, सम्प्रदायस्य स्थानमध्यात्मज्ञानं च गृह्णीयात् । विज्ञानाध्यात्मज्ञानयोरयं समन्वय एवाधुनिकसन्दर्भे भारतीयदर्शनस्य योगदानं भवितुमर्हतीति समासतोऽस्माकमाकूतम् ।

---

२१. ऐतरेयब्राह्मणम्, ३३. ३

8

धर्म शब्द का अर्थ

भारतीय दार्शनिक चिन्तन में तीन शब्द ऐसे हैं जिनका सम्भवत: अंग्रेजी में या संसार की किसी अन्य भाषा में ठीक पर्यायवाची शब्द नहीं मिल सकता। वे शब्द हैं—'धर्मन्', 'कर्मन्' और 'ब्रह्मन्'। ये तीनों ही शब्द मूलत: नकारांत हैं, तीनों ही नपुंसकलिंग में हैं और भारतीय दर्शन के चिन्तन को समझने के लिए तीनों का ज्ञान नितान्त अनिवार्य है। इनमें 'धर्मन्' शब्द वेद में तो नकारान्त ही था किन्तु लौकिक संस्कृत में घिसते-घिसते अकारान्त हो गया।

'धर्म' शब्द ऋग्वेद में अनेक स्थलों पर आया है और जिस प्रकार परवर्ती साहित्य में 'धर्म' का सम्बन्ध धारण करने से जोड़ा जाता है, वैदिक साहित्य में भी उसी प्रकार यह सम्बन्ध जोड़ा जाता था[1]। अथर्ववेद में सत्य, ऋत, दीक्षा, तप, ब्रह्म और यज्ञ वे तत्त्व माने गये हैं, जो पृथ्वी को धारण करते हैं[2]। ये ही तत्त्व मूलत: वैदिक काल की धर्म भावना के स्तम्भ हैं। इस वैदिक विचार ने कि धर्म के ये तत्त्व पृथ्वी को धारण किये हैं, मनुस्मृति की इस परम्परा के माध्यम से कि धर्म वृषभ है[3] इस लोक-परम्परा को जन्म दिया कि पृथ्वी को वृषभ धारण किये हुए है। सम्भवत: धर्म के चार अंग, जिन्हें भागवत में धर्म के पद कहा गया है, इस परम्परा के कारण बने होंगे कि धर्म वृषभ है। भागवतपुराण में धर्म के विद्या, दान, तप और सत्य ये चार पद माने गये हैं[4] और वृषभ के भी चार पद होते हैं।

ऋग्वेद में जहां धर्म को एक ऐसा तत्त्व माना है जिसके द्वारा मित्र और वरुण संसार की रक्षा करते हैं, वहां धर्म के साथ व्रत और ऋतु की भी चर्चा

---

१. अतो धर्माणि धारयन्—ऋग्वेद १. २२. १८

२. सत्यं बृहदृतमुग्र दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञ: पृथ्वीं धारयन्ति—अथर्ववेद १२.१.१

३. वृषो हि भगवान् धर्म:—मनुस्मृति ८. १६
और भी देखिए शान्तिपर्व ९०.७५

४. विद्या दानं तप: सत्यं धर्मस्येति पदानि च—भागवतपुराण, ३. १२. ४१

हुई है[५]। किन्तु सबसे महत्वपूर्ण चर्चा इस मन्त्र में यह है कि मित्र और वरुण आसुरी माया द्वारा भी संसार की रक्षा करते हैं। वैदिक काल में धर्म समष्टि-प्रधान था और समाज की रक्षा के लिए किया गया कपटाचार भी धर्म ही है, इस प्रकार की मान्यता का जन्म उसी समय हो चुका था। अर्थात् वैदिक ऋषि साध्य की शुद्धि से साधन की शुद्धि भी मान लेते थे। किन्तु धर्म एक साधन है—यह एक परम्परा है जो महाभारत के उस प्रसिद्ध श्लोक में अभिव्यक्त होती है जिसमें यह कहा गया है कि धर्म से अर्थ और काम की प्राप्ति होती है[६]। किन्तु महाभारत से पूर्व ही ऋग्वेद में इस मान्यता के बीज निहित हैं कि धर्म स्वयं साध्य है, साधन नहीं। पुरुष-सूक्त में जब यह कहा गया कि देवताओं ने यज्ञ से यज्ञ का ही यजन किया, सम्मान किया, तो इस उक्ति में यही तथ्य निहित है[७]। शुक्ल यजुर्वेद में तो स्पष्ट कह दिया गया है कि धर्म से धर्म को प्रसन्न किया गया[८]। अथर्वशिरस् उपनिषद् में और भी स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि "मैं धर्म से धर्म को ही तृप्त करता हूँ"[९]।

हमने ऊपर कहा कि वैदिक धर्म समाज प्रधान था—साथ-साथ चलो, साथ-साथ बोलो,[१०] यह वैदिक धर्म का मूल स्वर है। इस समष्टि प्रधान धर्म का केन्द्र यज्ञ है जिसे स्वयं ऋग्वेद में प्रथम धर्म कहा गया है।[११] स्वयं ऋग्वेद में यज्ञ का सीधा सम्बन्ध वृष्टि से जोड़ा है और यह माना गया है कि वृष्टि ही संसार के प्राणों का मूल है।[१२] यह मान्यता इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि ऋग्वेद की यज्ञ-संस्कृति कृषि प्रधान समाज की देन है।

यज्ञ को स्वयं ऋग्वेद में श्रेष्ठतम कर्म कहा गया है। अतः यज्ञ प्रधान होने के साथ-साथ वैदिक धर्म-कर्म भी प्रधान है। अथर्ववेद में धर्म की गणना श्रम

---

५. धर्मणा मित्रावरुणा विपश्चिता व्रता रक्षेथे असुरस्य मायया
घृतेन विश्वं भुवनं विराजथः सूर्यमा धत्थो दिवि चित्र्यं रथम्।
—ऋग्वेद, ५. ६३. ७

६. धर्मश्चार्थश्च कामश्च स धर्मः किं न सेव्यते—महाभारत, १८. ५. ६२

७. यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः—ऋग्वेद १०. १२७ १६

८. धर्मणा धर्मं जिन्वान्—शुक्लयजुर्वेद, १५. ६

९. धर्मेण धर्मं तर्पयामि—अथर्वशिरस उपनिषद्, १

१०. संगच्छध्वं सवदध्वं०—ऋग्वेद, १०. १९१. २

११. तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्—ऋग्वेद, १. १६४, ४३ तथा १०. १२७. १६

१२. तस्याः समुद्रा अधि वि क्षरन्ति
तेन जीवन्ति प्रदिशश्चतस्रः—ऋग्वेद, १. १६४. ४०

और कर्म के साथ की गई है जिससे स्पष्ट है कि वैदिक ऋषि समाज की स्थिति के लिए श्रम और कर्म की महत्ता से पूर्णतः परिचित थे[13]। वैदिक काल में धर्म की कल्पना गतिशीलता से अविभाज्य रूप में जुड़ी हुई थी। यजुर्वेद में धर्म का जंघा और पद के साथ तादात्म्य है[14]। ब्राह्मण ग्रन्थों में 'चरैवेति चरैवेति' का मूल मन्त्र भी गतिशीलता का संदेशवाहक है। किन्तु वैदिक ऋषि को गतिशीलता की यह प्रेरणा सूर्य-चन्द्र जैसे दैवी तत्त्वों से मिलती थी[15]। यह दैवी गति व्यवस्थित है और इसका नाम वैदिक भाषा में ऋत है। इस ऋत शब्द का सम्बन्ध लातीनी भाषा के 'Rectus' शब्द से जोड़ा जाता है जिससे अंग्रेजी का 'Right' शब्द निकला। वैदिक ऋषि सूर्य की इस गतिशीलता से अधिक प्रभावित हैं कि वह विचरण करते हुए कभी भी तन्द्रा नहीं लेता[16]। धर्म से सम्बद्ध सभी शब्द सदाचार, आचरण, चरित्र, इत्यादि चर् धातु से निकले जिसका अर्थ ही गति है। धर्म शब्द का गति शब्द से जो इतना घनिष्ठ सम्बन्ध रहा, उसका एक सुन्दर उदाहरण जैन-दर्शन में उपलब्ध होता है। जैन-दर्शन में गति और स्थिति के लिए दो स्वतंत्र निमित्त पदार्थों की कल्पना की गई जिन्हें धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय कहा गया। इस धर्मास्तिकाय पदार्थ का शुभ कर्म से कोई सम्बन्ध नहीं है। यह संसार के सभी पदार्थों की गति में उदासीन निमित्त बनने वाला एक तत्त्व है। किन्तु इस तत्त्व को धर्मास्तिकाय नाम देना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि भारतीय मानस में धर्म की गति से सम्बन्ध प्रारम्भ से ही रहा है। बाद में तो पंचतंत्र जैसे ग्रन्थ में कहा गया कि धर्म की गति त्वरित है,[17] जिसके उद्धरण स्पष्ट ही प्राप्त होते हैं।

इस प्रकार धर्म कर्तव्यपालन या चरित्र के पर्याय के रूप में प्रयुक्त होता रहा। अथर्ववेद में सत्य, ऋत, दीक्षा, तप, ब्रह्म और यज्ञ धर्म के अंग माने गये, यह हम पहले ही कह चुके हैं। मनुस्मृति में धर्म के दस लक्षण दिये गये— धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रियनिग्रह, धी, विद्या, सत्य तथा अक्रोध[18]।

---

१३. ऋतं सत्यं राष्ट्रं क्षेमो धर्मश्च कर्म च—अथर्ववेद, ११. ७. १७
१४. जङ्घाभ्यां पद्भ्यां धर्मः—शुक्लयजुर्वेद, २०. ९
१५. स्वस्ति पन्थामनुचरन् सूर्याचन्द्रमसाविव—ऋग्वेद, ५. ५१. १५
१६. पश्य सूर्यस्य महिमानं यो न तन्द्रयते चरन्
१७. धर्मस्य त्वरिता गतिः
१८. धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्—मनुस्मृति ७. ९२

दशवैकालिक में अहिंसा, संयम और तप को धर्म माना गया। है[१९] धर्म का इस चरित्रपरक अर्थ के अतिरिक्त एक दूसरा भी अर्थ रहा है, और वह है परम्परा का पालन। मीमांसा में श्रुतिविहित कर्म का करना ही धर्म माना है[२०]। महावीर ने अपनी आज्ञा के पालन को ही धर्म माना है[२१]। अंग्रेजी का "ऐथिक्स" शब्द जो ग्रीक के "ऐथोस" से निकला है, का भी मूल अर्थ परम्परा पालन ही है[२२]। किसी भी समाज की स्थिति उस समाज में प्रतिष्ठित परम्पराओं के पालन पर ही अवलम्बित होती है। अतः समाज की स्थिति में सहायक होने के कारण उन परम्पराओं का पालन भी धर्म मान लिया जाता है।

भारतीय दर्शन के इतिहास में एक ऐसा मोड़ आया जिसने समस्त चिंतन और जीवन को एक नई दिशा दे दी। इसका प्रारम्भ उपनिषद् युग में हुआ। धर्म के अन्तर्गत जिन भी विचारों का उल्लेख हमने ऊपर किया, उनका मूल वेद हैं। किन्तु मुण्डक उपनिषद् ने वेद की समस्त विद्या को अपरा कहकर उसे एक निम्न स्थान दिया और उसके स्थान पर परा विद्या को एक ऊँचा स्थान दिया[२३]। परा विद्या की परम्परा में धर्म समाजपरक न रहकर व्यक्तिपरक हो गया। और, पुण्य जो समाज की स्थिति में विशेष सहायक था, उतना प्रधान नहीं रहा। कठोपनिषद् ने स्पष्ट घोषणा की, कि ब्रह्म की प्राप्ति न धर्म से होती है, न अधर्म से[२४]। आश्रम उपनिषद् में भी वही स्वर प्राप्त होता है[२५]। कुन्दकुन्दाचार्य ने पाप को लोहे की शृंखला और पुण्य को स्वर्ण की शृंखला बतलाया[२६]। इस प्रकार पाप और पुण्य दोनों का ही परिगणन एक प्रकार से हेय रूप में होने लगा और धर्म, अर्थ, काम इस त्रिवर्ग का स्थान धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के पुरुषार्थचतुष्टय ने ले लिया[२७]। अब

---

१९. धम्मो मंगलमुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो। दशवैकालिकसूत्र, १. १

२०. चोदनालक्षणोऽर्थः धर्मः—मीमांसादर्शन, १. १. २

२१. आणाए मामगं धर्म्म—आचाराङ्ग सूत्र, १. ६. २. १८०

२२. म्यूरहैड, जोहन एच, दि एलिमेंट्स ऑफ एथिक्स, लन्दन, १९१०, पृ० ४

२३. मुण्डकोपनिषद्

२४. अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्माद्—कठोपनिषद्, २. १४

२५. न तेषां धर्मो नाधर्मः—आश्रमोपनिषद्, ४

२६. सौवण्णियं पि णियलं बंधदि कालायसं पि जह पुरिसं। बंधदि एवं जीवं सुहमसुहं वा कदं कम्मं॥ समयसार, १४६

२७. आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितधीर्मुनिरुच्यते—गीता

सर्वोत्तम धर्म आत्मा का आत्मा में तल्लीन रहना या आत्मा को अपने स्वभाव में स्थित रहना मान लिया गया[२८]। इस चिन्तन का यह परिणाम हुआ कि वैदिक काल के समाज-प्रधान और कर्मप्रधान धर्म के स्थान पर व्यक्तिप्रधान और चिन्तन-प्रधान धर्म को प्रमुखता मिली। ऋतंभरा प्रज्ञा का स्थान गीता के स्थितप्रज्ञ के आदर्श ने ले लिया। साथ-साथ चलो के वैदिक स्वर के स्थान पर महात्मा बुद्ध का यह स्वर गूँजने लगा कि दो भिक्षु एक मार्ग से न जायें; जैन-धर्म में वह साधु सर्वोत्तम माना जाने लगा जो अकेला विचरण करे, एकल विहारी हो। और कबीर ने तो स्पष्ट कह दिया कि साधु समाज बनाकर नहीं रहता। यही स्वर रवीन्द्रनाथ की कविता 'एकला चल रे' में मुखरित हुआ। इस प्रकार जहाँ सोने को कलियुग, अंगड़ाई लेने को द्वापर, खड़े हो जाने को त्रेता और चलने को सत्ययुग माना था,[२९] वहाँ वायुपुराण ने हमें धर्म की एक दूसरी ही परिभाषा दी, जिसमें धर्म के प्राणायाम, ध्यान, प्रत्याहार, धारणा और स्मरण ये पाँच अंग मान लिए गए।[३०] इस प्रकार आत्म-साक्षात्कार प्रधान हो गया और कर्तव्यपालन गौण। किन्तु भारतीय आचार-मीमांसा में कर्तव्यपालन की उपेक्षा कभी नहीं हुई। योगदर्शन ने इन दोनों का समन्वय करते हुए साधना के दो भाग कर दिए। योग के प्रथम पाँच अङ्ग बहिरंग साधन मान लिए गए जिनमें यम और नियम के अन्तर्गत सामाजिक स्थिति के लिए अनिवार्य अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह को स्थान मिला और अन्तिम तीन अङ्ग अन्तरंग साधन माने गए, जिनमें व्यक्तिगत साधना प्रधान थी और जो आत्म साक्षात्कार के साक्षात् साधन थे।[३१] ये दोनों एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। पूज्यपाद ने इष्टोपदेश में इस स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि यद्यपि पाप और पुण्य दोनों बन्धन हैं किन्तु पुण्य पालन द्वारा सुख की प्राप्ति श्रेयस्कर है, पापाचरण द्वारा दुःख की प्राप्ति नहीं; क्यों कि धूप में प्रतीक्षा करने की अपेक्षा छाया में प्रतीक्षा करना कहीं अधिक श्रेयस्कर है।[३२]

---

२८. भान्ड विसुद्धगु अप्पणऊ धम्मु भणेविणु लेहु—परमात्मप्रकाश, २. ६८

२९. कलिः शयानो भवति संजिहानस्तु द्वापरः। उत्तिष्ठंस्त्रेता भवति कृतं सम्पद्यते चरन्॥

३०. प्राणायामस्तथा ध्यानं प्रत्याहारोऽथ धारणा। स्मरणञ्चैव योगेस्मिन् पञ्च धर्माः प्रकीर्तिताः—वायुपुराण

३१. त्रयमन्तरङ्गं पूर्वेभ्यः—योगसूत्र ३. ७

३२. वरं व्रतैः पदं दैवं, नाव्रतैर्वत नारकम् छायातपस्थयोर्भेदः प्रतिपालयतोर्महान्—इष्टोपदेश, ३

निष्कर्ष यह है कि धर्म शब्द के अर्थ को समझने के लिए हम भारतीय धर्म मीमांसा के इतिहास को चार युगों में विभाजित कर सकते हैं—

१. **ऋषि युग**—इस युग में धर्म का प्रधान सम्बन्ध समाज-संरक्षण, गतिशीलता और कर्म से था। इस युग का महामन्त्र था 'चरैवेति चरैवेति'।

२. **मुनि युग**—इस युग में कर्म की अपेक्षा ज्ञान की महत्ता अधिक हो गई। आत्मसाक्षात्कार प्रधान धर्म माना जाने लगा। इस युग का महामन्त्र है —तत्त्वमसि।

३. **आचार्य युग**—इस युग में निवृत्ति का स्वर प्रमुख हो गया। एक ऐसे धर्म की कल्पना की गई जो पाप पुण्यातीत है, आचारातीत है। इस युग का महामन्त्र है—'बंधदि एवं जीवं सुहमसुहं वा कदं कम्म'।

४. **सन्त युग**—इन तीन व्याख्याओं के अतिरिक्त धर्म की एक चौथी व्याख्या अहिंसापरक की गई। इस स्वर का प्रभाव जिस युग में भारतीय जन-मानस पर विशेष रूप से पड़ा, उसे सन्त युग कहा जा सकता है। इस युग का महावाक्य है—अहिंसा परमो धर्मः। अथवा "दया धर्म का मूल है"। धर्म के इस पक्ष को गांधी जी ने अपने जीवन में बहुत प्रभावशाली बना दिया 'और वैष्णव जन तो तेने कहिए जे जाने पीर पराई रे' इसे अपना प्रिय गीत बनाया।

किन्तु धर्म की यह परस्पर विरोधी दिखने वाली व्याख्यायें ऐसी नहीं हैं कि जिनका समन्वय सम्भव न हो। वस्तुतः धर्म का पूर्ण स्वरूप इन चारों परम्पराओं के समन्वय से ही प्राप्त हो सकता है। [कर्म, आत्मसाक्षात्कार, आचारातीत धर्म, और अहिंसाधर्म, वस्तुतः ये चारों एक दूसरे के बिना अपूर्ण हैं। इन चारों का समन्वय करने पर धर्म का एक संश्लिष्ट अर्थ हमारे सम्मुख आता है और वह है कर्तव्य-पालन पूर्वक आत्म-साक्षात्कार और आत्म साक्षात्कारपूर्वक कर्तव्यपालन।]

9

अज्ञान

अज्ञान से प्रस्फुटित होता है —दुःख ।

जिसे हम दुःख मानते हैं, वस्तुतः वह दुःख नहीं है; वह उसका स्वाभाविक परिणाम-मात्र है जिसे हम सुख समझते हैं। यदि हमें दुःख के स्वरूप का ज्ञान हो जाए, तो दुःख की निवृत्ति भी अनायास ही हो जाए। तथाकथित सुख ही वस्तुतः दुःख है, क्योंकि वास्तव में सुखी न होने पर भी वे हमारे इस भ्रम को बनाये रखने में सहायक होते हैं कि हम सुखी हैं। तथाकथित दुःख हमारे इस भ्रम को तोड़ डालते हैं। वे हमारे व्यक्तित्व को झकझोर कर हमें अपने मधुर दिवा-स्वप्नों से जगा देते हैं और इसीलिए हमें प्रतिकूल प्रतीत होते हैं। सुख हमारे इस भ्रम को बनाये रखते हैं और हमें अनुकूल प्रतीत होते हैं।

जो दुःख का स्वरूप जान लेता है वह दुःख की कामना नहीं करता और जो दुःख की कामना नहीं करता उसे दुःख प्राप्त भी नहीं होता क्योंकि "पुरुष कामनामय है, वह जैसी कामना करता है, वैसा अध्यवसाय करता है और जैसा उसका अध्यवसाय होता है वैसा ही कर्म होता है तथा जैसा कर्म होता है वैसा ही वह बन जाता है।"[1]

कहा जाता है कि सुख आत्मा का स्वभाव है। इससे एक भ्रान्ति हो सकती है। इस वाक्य से ऐसा लगता है मानों सुख एक स्वतन्त्र गुण है जो अनेक धर्मियों में रहता है जिनमें से आत्मा भी एक है। यदि हम यह कहें तो अधिक उपयुक्त होगा कि सुख वह है जो आत्मा का स्वभाव है। अभिप्राय यह है कि सुख की आत्मस्वभावव्यतिरिक्त अन्य कोई सत्ता ही नहीं है, अन्य जो कुछ है वह सुखाभास है।

अज्ञान से प्रस्फुटित होता है—पाप।

दूसरे के प्रति किए गये प्रत्येक अपराध के मूल में अपने प्रति अपराध ही

---

१. काममय एवायं पुरुष इति। स यथाकामो भवति तत्क्रतुर्भवति यत्क्रतुर्भवति तत्कर्म कुरुते यत्कर्म कुरुते तदभिसम्पद्यते। बृहदारण्यकोपनिषद्, ४.४.५.

प्रधान रहता है[२]। जिस हृदय में पापाग्नि धधकती है उसे तो पुटपाक-प्रतीकाश अन्तर्दग्ध करती ही है, दूसरों तक तो कभी-कभी छिटक कर उस पापाग्नि की चिनगारियाँ ही पहुँच पाती हैं। कोई पाप तब तक पाप नहीं बनता जब तक कि वह अपने प्रति भी पाप न हो।[3] पाप की विष में बुझी तलवार सदा उल्टी ओर से—धार की ओर से—पकड़ी जाती है, उसका प्रहार मूँठ की ओर से होता है। दूसरों पर मूँठ की मार का कोई प्रभाव हो या न हो, धार का विष तो मारने वाले के हाथ में व्रण बना कर पैठ ही जाता है।

दर्शन का एक मात्र शत्रु है—अज्ञान।

दर्शन का अर्थ है—देखना। हम देखते हैं, किन्तु पदार्थ को नहीं, पदार्थ के अपने मानसपटल पर पड़ने वाले प्रतिबिम्ब को देखते हैं। यह सीधी वस्तु दर्शन नहीं, साक्षात्कार नहीं, छायादर्शन है। हमारी प्रत्येक प्रतीति अपनी व्यक्तिगत कल्पनाओं में इतनी गहरी रंग जाती है कि वस्तुदर्शन हो ही नहीं पाता। हम स्वयं तो देख नहीं पाते, जो कुछ दूसरों ने देखा उसका हम श्रवण भी नहीं कर पाते। हमें शास्त्रों के वाक्य नहीं, शास्त्रवाक्यों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया मात्र सुनाई देती है। फिर आचार्यों की यह मान्यता है कि श्रुति के महावाक्य सुनते ही ब्रह्म-ज्ञान हो जाता है[४] कैसे सत्य सिद्ध हो सकता है? श्रुति अपौरुषेय है, वह सत्य का वस्तुपरक याथातथ्य विश्लेषण है, किन्तु हम उसकी व्यक्तिपरक व्याख्या करके, उसे अपनी पौरुषेय कल्पनाओं में रंग कर उसकी अपौरुषेयता समाप्त कर देते हैं, उसके श्रुतित्व को नष्ट कर देते हैं। वेद अनन्त हैं—अनन्ता वै वेदाः, क्योंकि ज्ञान अनन्त हैं। किन्तु सभी ज्ञान वेद नहीं हैं, सभी ज्ञान अपौरुषेय नहीं हैं—सभी ज्ञान पुरुषनिरपेक्ष नहीं हैं। ऋषि का ज्ञान द्रष्टा का ज्ञान—ही वेद है। ऋषि सत्य का साक्षात्कार करता है—उसे अपने ममत्व और अहं के विकल्पों के माध्यम से नहीं देखता, सीधा देखता है। हम सीधा नहीं देख सकते, और जिन्होंने सीधा देखा है उनके वाक्यों को सीधा सुन भी नहीं सकते। हम 'श्रवण' नहीं कर सकते तो फिर 'मनन' कैसे करेंगे? हम 'श्रावक' की भूमिका पर ही नहीं पहुँचे तो 'मुनि' पद कैसे प्राप्त करेंगे?

स्वयं वेद के ऋषि ने वेदवाणी के श्रोताओं की इस कमी को समझ लिया था। इसीलिए तो उसने कहा कि "कुछ लोग वाणी को देखते हुए भी

---

२. तुलनीय, तत्त्वप्रदीपिका तथा तात्पर्यवृत्ति टीका, प्रवचनसार, बम्बई, १९५५ (सं० डा० ए० एन० उपाध्याय), २. ५७.

३. धवला, अमरावती, १९३९, (सं० डा० हीरालाल जैन), १४.६ ९०-१००

४. नैष्कर्म्यसिद्धि, पूना १९२५, १. ६७.

नहीं देखते और कुछ लोग उसे सुनते हुए भी नहीं सुनते[५]। ऋषि ने इसी मन्त्र के दूसरे वाक्य में एक उपमा के माध्यम से अपना भाव स्पष्ट करना चाहा—"कुछ लोगों के प्रति वाणी अपना सुन्दर रूप इस प्रकार स्पष्ट कर देती है जिस प्रकार सुन्दर वस्त्रों वाली आसक्त पत्नी पति के प्रति अपने रूप को"[६]। उपमा कुछ अटपटी है किन्तु मार्मिक है। पत्नी के तो वस्त्र समझ में आते हैं पर वाणी के सुन्दर वस्त्र कौन से हैं? क्या हमारा ममत्व, हमारा अहं, हमारा रागद्वेष तथा हमारे संकल्प-विकल्प ही वाणी के वस्त्र नहीं हैं? तथा शास्त्र वाक्यों के सत्याभिप्राय को ढकने के लिए ये सब वस्त्र का काम नहीं देते? हमें सत्य को, शास्त्र की वाणी को, अपनी पौरुषेय कल्पनाओं के वस्त्र से निर्वस्त्र करके देखना है। किन्तु हम संसार के प्रत्येक पदार्थ को अपने से सम्बन्ध करके देखते हैं और इस प्रकार हमें संसार नहीं, संसार के साथ अपना सम्बन्ध दृष्टिगोचर होता है। हमें वस्तु वैसी नहीं दीखती जैसी की वह है, प्रत्युत वैसी दीखती है जैसी कि वह हमें लगती है। यह अज्ञान है, यह दर्शन का शत्रु है। शास्त्र की यदि इसी प्रकार व्यक्तिपरक व्याख्या हो तो "शैतान अपना प्रयोजन सिद्ध करने के लिए शास्त्रवाक्य उद्धृत कर सकता है[७]।" साक्षर यदि विपरीत हो जाएं तो राक्षस हो जाते हैं—साक्षरा विपरीताश्चेद्राक्षसा एव केवलम्, दर्शन के इतिहास में किस सिद्धान्त का दुरुपयोग नहीं हुआ? ज्ञान चारित्र्य की शिथिलता का बहाना बना, कर्मवाद भाग्यवाद का और भक्तिवाद आलस्य का।

विज्ञान ने वस्तुपरक दृष्टि को अपनाया। विज्ञान के लिए यह अपेक्षाकृत सरल भी था क्योंकि वहां वस्तु का विचार प्रधान रहता है, व्यक्ति का गौण। दर्शन में व्यक्ति का विचार ही प्रमुख रहता है अतः वहां वस्तुपरकता अपेक्षाकृत कठिन है। किंतु विज्ञान ने वस्तुपरक दृष्टि अपनाकर आज जो चमत्कार किये हैं, दर्शन के क्षेत्र में वस्तुपरक दृष्टि अपनाने से जीवन में उससे कहीं अधिक बड़ा चमत्कार घटित होता है। कर्ता भोक्ता के विलीन होने पर एक साक्षी-चेता द्रष्टा-ज्ञाता का उदय होता है जिसे साक्षात् होता है—सीधा दर्शन होता है। यह साक्षात्कार किसका होता है? इस प्रश्न का उत्तर व्यक्तिगत रुचि पर निर्भर करता है—आप उसे ब्रह्म, ईश्वर, आत्मा, सत्य या धर्म कुछ भी कह सकते हैं क्योंकि "विप्र एक ही सत् को अनेक प्रकार से कहते आये हैं।[८]"

---

५. उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम्। ऋ. १०.७१.४.
६. उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्य उशतीसुवासाः। वही, १०.७१.४.
७. The devil can cite scriptures for his purpose—*The Merchant of Venice.*
८. एकं सद्विप्राः बहुधा वदन्ति। ऋग्वेद, १. १६४. ४६.

10

जैन-तर्क-भाषा के शास्त्रार्थ-स्थलों का मूल्यांकन

१७वीं शताब्दी के गुजराती श्वेताम्बर साधु महोपाध्याय श्री यशोविजय-गणि के प्राकृत, गुजराती और हिन्दी-मारवाड़ी के ग्रन्थों के अतिरिक्त संस्कृत के ही ७२ ग्रन्थ माने जाते हैं, जिनमें से ४० पूर्णतः तथा ७ अंशतः उपलब्ध हैं।[1] ग्रन्थों के नामों से ज्ञात होता है कि इनमें १६ ग्रन्थ जैन-न्याय पर हैं। इनमें से आजकल ८ ही ग्रन्थ उपलब्ध हैं, जिनका महामहोपाध्याय सतीशचन्द्र विद्याभूषण ने संक्षिप्त विवरण भी दिया है।[2] इन ग्रन्थों में भी जैन-तर्क-भाषा को यशोविजय जी के जैन-न्याय-सम्बन्धी ग्रन्थों का प्रतिनिधि ग्रन्थ कहा जा सकता है।

यशोविजय जी जैन-न्याय पर लिखने वाले अन्तिम दार्शनिक हैं और नव्य-न्याय की शैली में जैन-न्याय पर लिखने वाले एक-मात्र लेखक हैं। इस नाते उनके न्याय सम्बन्धी ग्रन्थ भारतीय न्याय के अध्येताओं के लिए सामान्यतः और जैन-न्याय के अध्येताओं के लिए विशेषतः पठनीय हैं। प्रस्तुत निबन्ध में जैन-तर्क-भाषा के उन स्थलों का एक मूल्याङ्कन किया गया है जिन स्थलों में यशोविजयजी ने अजैन-मान्यताओं का पूर्वपक्षत्वेन खण्डन करके जैन-मान्यताओं की सिद्धान्तपक्षत्वेन स्थापना की है। स्पष्ट है कि किसी भी लेखक की तुलनात्मक या आलोचनात्मक दृष्टि ऐसे ही स्थलों पर विशेषतः उभर कर आती है और इसीलिए ऐसे स्थलों के मूल्याङ्कन से किसी लेखक—विशेषतः तर्कशास्त्री—का वास्तविक मूल्याङ्कन हो पाता है।

चक्षु की अप्राप्यकारिता

आचार्य यशोविजय के सामने पर-मत-खण्डन का प्रथम अवसर व्यञ्जनावग्रह के चार प्रकारों का विवेचन करते समय उपस्थित हुआ। यहाँ उन्हें नैयायिकों के इस मत का खण्डन करना है कि चक्षुरिन्द्रिय प्राप्यकारी है। वे अपनी युक्ति का प्रारम्भ इस प्रकार करते हैं कि जल या अनल के

---

१. जैन-तर्क-भाषा, सं० पण्डित सुखलाल जी संघवी, अहमदाबाद—कलकत्ता, पृ० १३

२. ए हिस्ट्री ऑफ इन्डियन लॉजिक, दिल्ली, पृ० २१८-२२०

देखने से चक्षु में आर्द्रता या दाह उत्पन्न नहीं होता, अतः स्पष्ट है कि चक्षु प्राप्यकारी इन्द्रिय नहीं है।[3] यह कहा जा सकता है कि सूर्य के देखने से चक्षु का उपघात तथा चन्द्र के देखने से चक्षु पर अनुग्रह[4] प्रतीति में आते हैं, अतः चक्षु को प्राप्यकारी ही मानना चाहिए। इसका समाधान यह है कि ये उपघात तथा अनुग्रह प्रथम दर्शन के समय नहीं होते; निरन्तर देखने पर प्राप्त सूर्य-किरण के उपघात की, तथा निसर्गतः सौम्य गुणों से युक्त चन्द्र के देखने पर उपघाताभाव में अनुग्रह की प्रतीति होना युक्तियुक्त ही है, किन्तु इससे चक्षु की प्राप्यकारिता सिद्ध नहीं होती।

उपर्युक्त प्रसंग पर विचार करने से दो तथ्य हमारे सम्मुख आते हैं। प्रथम तो यशोविजय जी ने यहाँ पूर्वपक्ष तथा उत्तरपक्ष ज्यों का त्यों आचार्य जिनभद्रगणि की विशेषावश्यकभाष्य-बृहद्-वृत्ति से ले लिया है।[5] पूर्वपक्ष की युक्तियों के लिए उन्होंने इस स्थल-विषयक पूर्वपक्ष के मूलग्रन्थों का आधार नहीं लिया, नहीं तो वे न्याय-दर्शन के ग्रन्थों में दी गई अन्य युक्तियों का भी उल्लेख करते।[6] इस सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है—और सम्भवतः यह सत्य भी है—कि जैन-तर्क-भाषा जैसे लघुकाय ग्रन्थ से पूर्ण जैन-न्याय को समाहित करने की लालसा से यशोविजय जी प्रत्येक स्थल पर पूर्वपक्ष की सभी युक्तियों को नहीं दे सकते थे।

किन्तु विशेषावश्यक-बृहद्-वृत्ति के संक्षेपीकरण में भी यशोविजय जी से एक भूल हो गई जान पड़ती है। जिनभद्रगणि का मूल तर्क यह है कि सूर्य-किरण दाहात्मक उपघातक वस्तु है और चिरकाल तक देखने वाले की आंखों के सम्पर्क में आकर उसकी स्पर्शनेन्द्रिय को ही दग्ध करती है—चिरकालमवलोकयतः प्रतिपत्तुः चक्षुः प्राप्य-समासाद्य स्पर्शनेन्द्रियमेव दह्यते…।[7] यहाँ जिनभद्रगणि की युक्ति का विशेष बल इस पर है कि सूर्य की किरणों से उपघात चक्षुरिन्द्रिय का नहीं, प्रत्युत स्पर्शनेन्द्रिय का ही होता है, अतः इससे

---

३. जैन-तर्क-भाषा, पृ० ३, पंक्ति १३-१४

४. यहाँ प्रमादवश मूल ग्रन्थ में क्रमभंग हो गया प्रतीत होता है। देखिए—रविचन्द्राद्यवलोकने चक्षुषोऽनुग्रहोपघातौ दृष्टावेवेति। (पृ० ३, पं० १४) स्पष्ट है कि 'रविचन्द्र' के क्रम में 'उपघातानुग्रह' क्रम होना चाहिए।

५. जैन-तर्क-भाषा, तात्पर्य-सङ्ग्रहावृत्ति, पृ० ३६।

६. इन युक्तियों के लिए देखिए पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री, जैन-न्याय बनारस, १९६६, पृ० ५।

७. विशेषावश्यकभाष्य-बृहद्-वृत्ति, गाथा २१०

चक्षु की प्राप्यकारिता भी सिद्ध नहीं की जा सकती। यद्यपि यहाँ 'चिरमव-लोकयतः' भी कहा गया है (और एक बार नहीं, दो बार कहा गया है)[८] किन्तु युक्ति का मूल चिरावलोकन में नहीं, प्रत्युत स्पर्शनेन्द्रियोपघात में है। यशोविजय जी ने चिरावलोकन को तो 'अनवरतालोकन' कहकर अभिव्यक्त कर दिया परन्तु स्पर्शनेन्द्रियोपघात वाली मूल युक्ति को सर्वथा ही छोड़ दिया। इससे यशोविजय जी की युक्ति में कुछ निर्बलता आ गई है। प्रथम तो चक्षु का उपघात अनवरतावलोकन से ही होना अनिवार्य नहीं है; तेज धूप में चक्षु का तात्कालिक उपघात भी होता है। दूसरे पूर्वपक्ष को यह मानने के लिए बाध्य कैसे किया जा सकता है कि प्राप्यकारी इन्द्रियों का उपघात तात्कालिक ही होना चाहिए, विलम्ब से नहीं।

जिनभद्रगणि की मूल युक्ति में ये दोनों दोष नहीं हैं, और पूर्वपक्ष का समाधान भी कर दिया गया है। इसलिए हमारी यह मान्यता है कि यशोविजय जी संक्षेप करते समय यहाँ युक्ति के एक अनिवार्य अंश को छोड़ गए हैं।

मन की अप्राप्यकारिता—

इसी प्रसंग में यशोविजय जी ने मन की प्राप्यकारिता का भी खण्डन अत्यन्त कुशलतापूर्वक किया है। यहां भी मूल युक्तियाँ विशेषावश्यक-भाष्य-बृहद्-वृत्ति से ही ली गई हैं, किन्तु यशोविजय जी की विशेषता यह है कि जिनभद्रगणि ने जिन युक्तियों को लगभग तीन पृष्ठों में दिया है, यशोविजय जी ने उन्हें ही एक पृष्ठ में संक्षिप्त कर दिया है, फिर भी न तो उनकी भाषा में कहीं दुरूहता आयी है और न कोई तर्क छूट पाया है। यह प्रसंग वस्तुतः पुरानी आगमिक शैली और नवीन तार्किक शैली की तुलना करने के लिए एक सुन्दर उदाहरण है और आचार्य यशोविजय जी का संस्कृत भाषा तथा नव्य-न्याय की शैली पर कितना अधिकार था, इसका भी एक सुन्दर निदर्शन है। नमूने के लिए जिनभद्रगणि का निम्न संदर्भ देखें—

> ननु जाग्रदवस्थायां मा भून्मनसो विषयप्राप्तिः, स्वप्नावस्थायान्तु भवत्वसौ अनुभवसिद्धत्वात्, तथाहि 'अमुत्र मेरुशिखरादिगतजिनायतनादौ मदीयं मनो गतम्' इति सुप्तैरस्वप्नेऽनुभूयत एवेत्याशङ्क्य स्वप्नेऽपि मनसः प्राप्यकारितामुपकर्तुमाह—इह 'मदीयं मनोऽमुत्र गतम्' इत्यादि रूपो यः सुप्तैरुपलभ्यते स्वप्नः, स यथोपलभ्यते न तथारूप एव, तदुपलब्धस्य मनोमेरुगमनादिकस्यासत्यत्वात्। कथम् ? यथा कदाचिदात्मीयं मनः

---

८. विशेषावश्यक-भाष्य-बृहद्-वृत्ति, गाथा २११ भी देखिए।

स्वप्ने मेर्वादौ गतं कश्चित्पश्यति, न च तत्तथैव, इह स्थितैः सुप्तस्य तस्यात्रैव दर्शनात्, द्वयोश्चात्मनोरसम्भवात्, कुसुमपरिमलाद्यध्वजनित-परिश्रमाद्यनुग्रहोपघाताभावाच्च ।[९]

इस सन्दर्भ की युक्ति यशोविजय जी जैन-तर्क-भाषा में इस प्रकार देते हैं—

ननु यदि मनो विषयं प्राप्य न परिच्छिनत्ति तदा कथं प्रसुप्तस्य 'मेर्वादौ गतं मे मनः' इति प्रत्यय इति चेत्; न; मेर्वादौ शरीरस्येव मनसो गमनस्वप्न-स्यासत्यत्वात्, अन्यथा विबुद्धस्य कुसुमपरिमलाद्यध्वजनितपरिश्रमाद्यनुग्रहोप-घातप्रसङ्गात् ।[१०]

यशोविजय जी ने यहाँ अनावश्यक विवरण हटा दिया है तथा युक्ति का सारांश भी प्रस्तुत कर दिया है । दर्शन-शास्त्र के अध्येताओं से यह छिपा नहीं रह सकता कि संक्षेप में अपनी बात कह देने पर भी यशोविजय जी का उप-र्युक्त वाक्य सर्वथा प्रसादगुणोपेत है और पढ़ते ही तुरन्त समझ में आ जाता है । इसके साथ ही मूल सन्दर्भ की भाषा में जो शैथिल्य है यशोविजय जी ने उसे दूर करके अपने वाक्य को अत्यन्त सुश्लिष्ट रूप में प्रस्तुत किया है । दोनों सन्दर्भों का अन्तिम पद एक ही है, परन्तु उस पद के अन्त में 'अभाव' के स्थान पर 'प्रसंग' शब्द रख कर यशोविजय जी ने शब्दचयन में अपनी सूक्ष्म-दृष्टि का परिचय दिया है । इस परिवर्तन से उनकी युक्ति निश्चय ही अधिक निखर आयी है ।

मन की अप्राप्यकारिता-सिद्धि वाले प्रसङ्ग में एक व्यामोह की ओर हम विद्वानों का ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं । यहाँ विचाराधीन मूल प्रश्न यह है कि मन का व्यञ्जनावग्रह होता है या नहीं । इसी मूल प्रश्न से यह आनुष-ङ्गिक प्रश्न उत्पन्न हुआ है कि मन प्राप्यकारी है या नहीं । पूर्वपक्ष का तर्क है कि मन प्राप्यकारी है क्योंकि वह मनोद्रव्य का निरन्तर ग्रहण करता है और मनोद्रव्य से उसका सम्पर्क स्वतःसिद्ध है । सिद्धान्त पक्ष का कहना है कि मनोद्रव्य मन का अपना स्वप्रदेश है, अतः उससे सम्बद्ध होने से मन की प्राप्यकारिता सिद्ध नहीं होती । किसी की प्राप्यकारिता या अप्राप्यकारिता का निर्णय इससे होता है कि वह किसी बाह्य-पदार्थ को जानते समय उससे सम्बद्ध है या नहीं । स्व-प्रदेश में स्थित पदार्थ से तो इन्द्रिय का सम्बन्ध सदा ही स्वतः सिद्ध है, चाहे इन्द्रिय प्राप्यकारी हो या न हो । इस प्रकार मनो-द्रव्य से मन का सम्बन्ध होने से मन की प्राप्यकारिता सिद्ध नहीं की जा सकती ।

---

९. विशेषावश्यक बृहद् वृत्ति गाथा २२४

१०. जैन-तर्क-भाषा, पृ० ३, पंक्ति २०-२४

इस तर्क के बाद मन की प्राप्यकारिता का आनुषङ्गिक प्रश्न समाप्त हो जाता है और मन के व्यञ्जनावग्रह का मूल प्रश्न पुनः आरम्भ हो जाता है। तुलना कीजिए—"भवतु वा मनसः स्वकीयहृदयादिचिन्तायां प्राप्यकारिता तथापि न तस्य व्यञ्जनावग्रहसम्भव इति दर्शयन्नाह—"[11] अभिप्राय यह है कि दुर्जन-तोष-न्याय से यदि मन की प्राप्यकारिता स्वीकार कर भी ली जाए, तो भी मन का व्यञ्जनावग्रह सिद्ध नहीं हो सकता। किन्तु आचार्य यशोविजय जी मूल प्रश्न तथा आनुषङ्गिक प्रश्न में कोई भेदक रेखा न खींच कर दोनों को परस्पर इस प्रकार जोड़ देते हैं कि पाठक को व्यामोह हो जाता है। मन की प्राप्यकारिता-अप्राप्यकारिता की चर्चा के अन्तिम तर्क को वे मन के व्यञ्जनावग्रह न होने के पक्ष में दिए जाने वाले प्रथम तर्क से इस प्रकार जोड़ देते हैं कि यह पता ही नहीं लग पाता कि एक चर्चा समाप्त होकर दूसरी चर्चा प्रारम्भ हो गई है। मूल स्थल देखिए—बाह्यार्थापेक्षयैव प्राप्यकारित्वाप्राप्यकारित्व-व्यवस्थानात्, क्षयोपशमपाटवेन मनसः प्रथममर्थानुलब्धिकालासम्भवाद्वा[12] यहाँ अन्तिम 'वा' ध्यान देने योग्य है; इससे ऐसा लगता है कि यहाँ दिए गए दो हेतुओं में मानों परस्पर विकल्प है—जो तथ्य प्रथम हेतु से सिद्ध होता है वही दूसरे हेतु से भी सिद्ध होता है। किन्तु वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। यहाँ दिए गए प्रथम हेतु से मन की प्राप्यकारिता का खण्डन होता है जबकि दूसरे हेतु से मन के व्यञ्जनावग्रह का खण्डन होता है, अतः दोनों के बीच विकल्प होने का प्रश्न ही नहीं जिसे यशोविजय जी यहाँ 'वा' शब्द द्वारा अभिव्यक्त करना चाहते हों। विशेषावश्यक-भाष्य-बृहद्-वृत्ति को देखते ही यह विषय स्पष्ट हो जाता है।[13] जिन भद्रगणि क्षयोपशम के पाटव से यह सिद्ध करना चाहते हैं कि मन को प्रथम क्षण में ही अर्थावग्रह हो जाता है अतः उसे व्यञ्जनावग्रह का अवकाश ही नहीं मिलता। यशोविजय जी ने इसी तर्क को लेकर मन की प्राप्यकारिता-अप्राप्यकारिता वाले प्रश्न से मिलाकर अपने ग्रन्थ को इस स्थल पर भ्रामक बना दिया है।

स्मृति प्रामाण्य

पूर्वपक्ष के निरसन का दूसरा अवसर जैन-तर्क-भाषा में स्मृति का प्रामाण्य स्थापित करते समय आता है। मुख्यतः स्मृति का प्रामाण्य स्थापित करते

---

११. विशेषावश्यकभाष्य-बृहद्-वृत्ति, गाथा २४१

१२. जैन-तर्क-भाषा, पृ० ४, पंक्ति ३-४

१३. जैन-तर्क-भाषा तात्पर्यसंग्रहा वृत्ति, पृ० ३६

समय यशोविजय[१४]जी ने पूर्वपक्ष की ओर से जो तर्क प्रस्तुत किए हैं वे न्यायदर्शन के ग्रन्थों से लिए गए हैं। वे तर्क ये हैं—

(१) स्मृति अतीत के पदार्थ में वर्तमानता का बोध कराने के कारण अप्रामाणिक है।

(२) अनुभव-सापेक्ष होने के कारण स्मृति को प्रमाण नहीं माना जा सकता।

यशोविजय जी ने नैयायिकों की इस युक्ति का कोई उल्लेख नहीं किया कि अनर्थक (पदार्थ की उपस्थिति के बिना उत्पन्न) होने के कारण स्मृति प्रमाण नहीं है। सम्भवतः यशोविजय जी इस युक्ति का अन्तर्भाव प्रथम युक्ति में ही मान लेंगे। स्मृति में पदार्थ अतीत का होता है, अतः वर्तमान तो वह अनुपस्थित होगा ही। मीमांसकों की इस युक्ति का कि स्मृति गृहीतग्राही होने के कारण प्रमाण नहीं है, यशोविजय जी ने अन्यत्र समाधान कर दिया।[१५]

